शुक्रवार
05 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





प्रिंस सिंह हत्या मामले में मौसेरे भाई समेत तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज 2




## खबरें फटाफट

### रूस ने यूक्रेन पर पुतिन की हत्या की साजिश का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। रूस का कहना है कि यूक्रेन ने पुतिन की हत्या करने के लिए राष्ट्रपति आवास क्रेमलिन पर ड्रोन से हमला किया। हालांकि, इस हमले में पुतिन को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। रूस ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि पुतिन की हत्या के प्रयास में क्रेमलिन पर कल रात दो ड्रोन से हमले किए गए। रूस ने इसे आतंकवादी हमला करार दिया है। रूस का कहना है कि उन्होंने यूक्रेन की ओर से किए गए दो ड्रोन को मार गिराया है।

### शिमला नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को मिला पूर्ण बहुमत

**शिमला।** शिमला नगर निगम चुनाव में कांग्रेस ने 24 वार्डों में जीत का परचम लहराकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं भाजपा दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है। भाजपा ने 9 वार्डों में जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मेयर सत्या कौंडल भी चुनाव हार गई हैं। माकपा को एक सीट पर जीत मिली है। नगर निगम शिमला के 34 वार्डों के लिए दो मई को मतदान हुआ तथा 102 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नगर निगम शिमला के चुनावों में भारी जीत हासिल करने पर शिमला की जनता, प्रत्याशियों, कार्यकताओं और पदाधिकारियों को बधाई दी है।

**पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस वी चन्द्रन की बेंच ने सुनाया फैसला, 3 जुलाई को अगली सुनवाई**

# नीतीश सरकार को झटका... हाईकोर्ट ने जातीय जनगणना पर लगाई रोक

- 18 फरवरी 2019 और 27 फरवरी 2020 को नीतीश सरकार विधानसभा और विधान परिषद में पास करा चुकी है जातीय जनगणना का प्रस्ताव
- केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर साफ कर दिया था कि जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी

**केटी न्यूज/पटना**




बिहार की नीतीश सरकार को बड़ा झटका लगा है। पटना हाईकोर्ट ने जातीय जनगणना पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस वी चन्द्रन की बेंच ने ये फैसला सुनाया। इस मामले में अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। नीतीश सरकार लंबे समय से जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में रही है। नीतीश सरकार ने 18 फरवरी 2019 और फिर 27 फरवरी 2020 को जातीय जनगणना का प्रस्ताव बिहार विधानसभा और विधान परिषद में पास करा चुकी है। हालांकि, केंद्र इसके खिलाफ रही है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर साफ कर दिया था कि जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी। बिहार सरकार ने पिछले साल जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया था। इसका काम जनवरी 2023 से शुरू हुआ था। इसे मई तक पूरा किया जाना था। लेकिन अब हाईकोर्ट ने इस पर 3 जुलाई तक रोक लगा दी है।

**हाईकोर्ट में दाखिल की गई थीं छह याचिकाएं:** नीतीश सरकार के जातिगत जनगणना कराने के फैसले के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में 6 याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन याचिकाओं में जातिगत जनगणना पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस मधुरेश प्रसाद की बेंच ने बुधवार को इनपर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। जातीय गणना को लेकर पटना हाई कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से कहा गया था कि सरकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए सभी अपनी जाति बताने को आतुर रहते हैं। सरकार ने नगर निकायों एवं पंचायत चुनावों में पिछड़ी जातियों को कोई आरक्षण नहीं देने का हवाला देते हुए कहा कि ओबीसी को 20 प्रतिशत, एससी को 16 फीसदी और एसटी को एक फीसदी आरक्षण दिया जा रहा ह। अभी भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक 50 फीसदी आरक्षण दिया जा सकता ह। राज्य सरकार नगर निकाय और पंचायत चुनाव में 13 प्रतिशत और आरक्षण दे सकती है। सरकार ने कोर्ट में तर्क दिया कि इसलिए भी जातीय गणना जरूरी है।

**जातिगत जनगणना की जरूरत क्यों?**

बिहार सरकार का जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में तर्क ये है कि 1951 से एससी और एसटी जातियों का डेटा पब्लिश होता है, लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियों का डेटा नहीं आता है। इससे ओबीसी की सही आबादी का अनुमान लगाना मुश्किल होता है। 1990 में केंद्र की तब की वीपी सिंह की सरकार ने दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश को लागू किया। इसे मंडल आयोग के नाम से जानते हैं। इसने 1931 की जनगणना के आधार पर देश में ओबीसी की 52% आबादी होने का अनुमान लगाया था। मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर ही ओबीसी को 27% आरक्षण दिया जाता है। जानकारों का मानना है कि एससी और एसटी को जो आरक्षण मिलता है, उसका आधार उनकी आबादी है, लेकिन ओबीसी के आरक्षण का कोई आधार नहीं है।

### नीतीश कुमार को असंवैधानिक कार्य करने की आदत है: सम्राट



जातीय जनगणना पर रोक के आदेश के बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने जानबूझकर यह सब नाटक करवाया है। हाईकोर्ट में नीतीश सरकार ने सही से पक्ष नहीं रखा। इस वजह से हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। नीतीश कुमार को असंवैधानिक कार्य करने की आदत है। इस आदेश के लिए पूरी तरह से जिम्मेवार नीतीश कुमार हैं।

**नीतीश कुमार की सरकार पूरी तरह से फेल है**

सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार नहीं चाहते कि बिहार में जातिगत गणना हो। नीतीश कुमार की सरकार पूरी तरह से फेल है। सरकार अपने फैसले को कोर्ट में साबित नहीं कर पा रही है। नीतीश कुमार की पलटी मारने की पुरानी आदत है। ऐसी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। सम्राट ने कहा कि जातिगत गणना के लिए हमलोगों ने समर्थन दिया था। हमने उनके आग्रह को माना। नीतीश कुमार कह रहे हैं कि हमने ही सबकुछ किया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले वो कह रहे थे कि देश के वो गृह मंत्री थे, जीवन में कभी गृह मंत्री नहीं थे। उनका जब जन्म नहीं हुआ था तब बिहार शरीफ का नाम बिहार शरीफ ही था। मेमोरी लॉस मुख्यमंत्री हैं।

### जातिगत सर्वे कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध: तेजस्वी



डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि कोर्ट से आदेश के अध्ययन के बाद भी अगला कदम होगा ,लेकिन एक बात तो स्पष्ट है यह जाति आधारित सर्वे है। सरकार का यह पहला और अंतिम सर्वे नहीं था। लालू यादव, नीतीश कुमार और महागठबंधन के सभी लोगों की यह चाहत थी कि यह सर्वे हो। हमारी सरकार जाति आधारित सर्वे कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जाति आधारित गणना लोगों के हित के लिए है। इस सर्वे की मांग भी जनता की थी। इस सर्वे से फायदा ये होता कि गरीबी, पिछड़ापन को दूर करना और समाज के अंतिम पायदान तक सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचे? यह सब उसमें था। लोगों की आर्थिक स्थिति क्या है? यह भी शामिल किया गया था। यह सर्वे विशेष जाति को लेकर नहीं था, ये तो सबके लिए था। आगे डिप्टी सीएम ने कहा कि गरीबी, बेरोजगारी हटाने और जनकल्याणकारी नीतियां बनाने के लिए सरकारों को वैज्ञानिक आंकड़ों की आवश्यकता होती है। इसके लिए ही हमारी सरकार सभी जातियों और वर्गों को सम्मिलित कर जाति आधारित सर्वे करवा रही है। वहीं, बीजेपी के आरोप पर उन्होंने कहा कि बीजेपी तो खुशी मना रही है। बीजेपी के लोग अगर चाहते हैं कि जाति आधारित गणना हो तो बीजेपी शासित राज्य में क्यों नहीं कर रहे हैं? और केंद्र सरकार ने क्यों मना कर दी।

## उप्र के 37 जिलों में हुआ नगर निकाय चुनाव, 50 फीसदी वोटिंग

**एजेंसी/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के 37 जिलों में गुरुवार को नगर निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शाम 6 बजे के बीच में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी उम्मदवारों का भाग्य इवीएम और मत पेटी में बंद हो गया। कुछ स्थानों पर छिटपुट झड़प के बीच 50 प्रतिशत से भी कम मतदान रिकॉर्ड किया गया। सबसे ज्यादा सहारनपुर और सबसे कम मतदान प्रयागराज में रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी संभव है। कुछ स्थानों पर शाम छह बजे के बाद तक लोग लाइन में लगे थे। ऐसे में कुछ मतदान प्रतिशत बढ़ भी सकता है। पहले चरण में 10 नगर निगम, 104 नगर पालिका परिषद और 276 नगर पंचायत के लिए वोटिंग हुई है। 13 मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे। बता दें कि 4 मई को पहले चरण में सहारनपुर, आगरा, झांसी, मुरादाबाद, प्रयागराज, देवीपाटन, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी मंडल के 37 जिलों में मतदान कराया गया।

## पति ने पत्नी की चाकू मार कर दी हत्या, फिर खुद का भी काटा गला

**एजेंसी/कैमूर**

कुदरा थाना क्षेत्र के खरहना गांव में एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। तीन बच्चों के पिता ने उसी चाकू से अपना भी गला काट लिया. घटना बुधवार रात की है। अपना गला काटने के बाद वह छटपटाते हुए गेट खोलकर बाहर निकला और चिल्लाने लगा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पति-पत्नी की उम्र 30 से 35 साल बताई जा रही है। दो बेटी और एक बेटा है। घटना के बारे में कोई खुलकर बताने को तैयार नहीं है।

### पति को नशा करने और गांजा पीने की थी आदत

कुछ दिन पहले ही घायल धर्मेंद्र गुप्ता अपने भाइयों के बीच पंच और सरपंच को लेकर गया हुआ था। जमीनी बंटवारे का मामला था। वहां से दो तीन-दिन पहले ही लौटा था। इसके बाद इस तरह की घटना को उसने अंजाम दिया है। लोगों ने बताया कि धर्मेंद्र को नशा करने और गांजा पीने की आदत थी। पत्नी का नाम सुनीता देवी बताया जा रहा है।

**बच्चों ने देखी है पूरी घटना:** धर्मेंद्र गुप्ता ने अपनी पत्नी की हत्या की है। चाकू मारने के बाद अपना भी गला काट लिया। बच्चों ने इस घटना को अपनी आंखों से देखा है।

## मणिपुर में हिंसा को रोकने के लिए सरकार ने उपद्रवियों को देखते गोली मारने का दिया आदेश

**एजेंसी/इम्फाल**

मणिपुर में हिंसा को देखते हुए सरकार ने बड़ा आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक, उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, मणिपुर सरकार ने गुरुवार को आदिवासियों और मेइती समुदाय के बीच बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए अत्यधिक गंभीर मामलों में उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया है। राज्यपाल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जब समझाना-बुझाना, चेतावनी और उचित बल का प्रयोग की सीमा पार हो गई हो और स्थिति को नियंत्रित नहीं किया जा सके, तो देखते ही गोली मारने का सहारा लिया जा सकता है।

### 9,000 से अधिक लोग विस्थापित

नगा और कुकी आदिवासियों की ओर से आदिवासी एकजुटता मार्च निकालने के बाद बुधवार को हिंसा भड़क गई थी। हालात रात में और गंभीर हो गए थे। राज्य की 53 फीसदी आबादी वाले गैर-आदिवासी मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मांग के खिलाफ चुराचांदपुर जिले के तोरबंग इलाके में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन मणिपुर की ओर बुलाए गए ह्यआदिवासी एकजुटता मार्च के दौरान बुधवार को हिंसा भड़क गई। हिंसा के कारण 9,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। मार्च का आयोजन मणिपुर हाईकोर्ट की ओर से पिछले महीने राज्य सरकार को मेइती समुदाय द्वारा एसटी दर्जे की मांग पर चार सप्ताह के भीतर केंद्र को एक सिफारिश भेजने के लिए कहने के बाद किया गया। पुलिस ने बताया कि चुराचांदपुर जिले के तोरबंग क्षेत्र में मार्च के दौरान हथियार लिए हुए लोगों की एक भीड़ ने कथित तौर पर मेइती समुदाय के लोगों पर हमला किया। जवाबी कार्रवाई में भी हमले हुए। इस वजह से पूरे राज्य में हिंसा भड़क गई।

**आठ जिलों में कर्फ्यू, मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित:** स्थिति को देखते हुए गैर-आदिवासी बहुल इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्यभर में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश का कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना एनकाउंटर में ढेर

**एजेंसी/मेरठ**



एसटीएफ ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। एसटीएफ ने अनिल दुजाना को मेरठ में आज दोपहर जानी थाना क्षेत्र के भोला की झाल में एक एनकाउंटर में मार गिराया। अनिल दुजाना उर्फ. अनिल नागर पर हत्या, लूट, अपहरण सहित कई संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज थे। एसटीएफ और यूपी पुलिस पिछले कई दिनों से अनिल दुजाना की तलाश में थी।

इस गैंगस्टर पर 18 मर्डर सहित रंगदारी, लूटपाट, जमीन पर कब्जा, कब्जा छुड़वाना और आर्म्स एक्ट समेत 62 संगीन मुकदमे दर्ज थे। साथ ही अनिल पर रासुका और गैंगस्टर एक्ट भी लग चुका है। वह गैंगस्टर सुंदर भाटी पर एके-47 से हमले का आरोपी है। दुजाना 2012 से जेल में था और जनवरी 2021 में बेल पर बाहर आया। उस पर बुलंदशहर पुलिस ने 25 हजार और नोएडा पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा था। केसों में पेश नहीं होने को लेकर अदालत ने गैरजमानती वॉरंट जारी कर रखा था।






**जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने फोल्डिंग-बेड लगाने की नहीं दी इजाजत**

# पहलवानों का दावा... पुलिस ने उनके साथ की हाथापाई

**एजेंसी/नई दिल्ली**



दिल्ली के जंतर-मंतर पर जारी पहलवानों के धरने के बीच बुधवार की रात जमकर बवाल हुआ। बताया जा रहा है कि जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों और पुलिस के बीच कथित तौर पर जमकर हाथापाई हुई। जिसके कारण कुछ प्रदर्शनकारियों के सिर पर चोटें आई हैं। भाजपा सांसद और कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने उनके साथ बदसलूकी की और हाथापाई में विनेश फोगाट के भाई को चोट भी लगी।

जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के मुताबिक, हंगामा उस वक्त शुरू हुआ, जब बुधवार को हुई बारिश की वजह से जमीन पर बिछे उनके गद्दे-बिस्तर भीग गए और वो धरना स्थल पर फोल्डिंग पलंग लाना चाहते थे, इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया पर अपील भी की। अअढ विधायक सोमनाथ भारती लेकर पहुंचे ट्रक पहलवानों की अपील पर आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ट्रक में फोल्डिंग पलंग लेकर पहुंचे, लेकिन पहलवानों का कहना है कि दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद पहलवानों और पुलिस के बीच नोंक-झोंक होने लगी और इस सबमें विनेश फोगाट के भाई दुष्यंत के सिर में चोट लगी। पहलवानों का ये भी आरोप है कि कुछ पुलिसवालों ने शराब पी हुई थी और उन्होंने महिला पहलवानों के साथ बदतमीजी की।

पुलिस के साथ बहस से रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक की आंखों में आंसू आ गए, जबकि विनेश फोगट को उस स्थान से सामने आए एक वीडियो में अधिकारियों के साथ बहस करते देखा गया। एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट टूट गईं और कहा कि वे अपराधी नहीं हैं जिनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाए। सुश्री फोगट ने रोते हुए कहा, अगर आप हमें मारना चाहते हैं, तो हमें मार दें।

**नशे में नहीं था कोई पुलिसकर्मी:** डीसीपी पूरे मामले पर डीसीपी प्रणव तायल ने बताया कि बीती रात हुई हाथापाई में पांच पुलिसकर्मियों को चोटें आईं हैं। वहीं, कुछ पुलिसकर्मियों के नशे में होने के आरोप पर डीसीपी ने बताया कि पुलिसकर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और कोई पुलिसकर्मी नशे में नहीं पाया गया।


CMYK

## खबरें फटाफट

### भोजपुरी गायक की निर्माणाधीन घर की छत से गिरने से मौत

**सासाराम।** भोजपुरी क्षेत्र में उभरते गायक पवन सिंह की मौत गुरुवार को निमार्णाधीन भवन के छत से गिर कर हो गई। दुर्घटना डेहरी नगर थाना क्षेत्र के बीएमपी के पास घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन सिंह अपने निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे थे। इस क्रम में दूसरी मंजिल पर कुछ काम करते हुए अचानक संतुलन बिगड़ा और वो नीचे गिर गए। मौके पर जुटे लोग घायल गायक को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पवन सिंह 28 की मौत की सुचना से कोहराम मच गया। उनके पिता महेंद्र सिंह बीएमपी से सेवानिवृत हुए थे। सेवानिवृति के बाद वो बीएमपी के पास की कॉलोनी में मकान बना रहे थे। पवन इसी निमार्णाधीन मकान पर गए थे। जिसकी छत से गिरकर उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

### चिकित्सीय व्यवस्था को ठीक करने को ले बैठक

**सासाराम।** प्रखंड क्षेत्र के बकनौरा उप स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सीय व्यवस्था बेहतर करने को ले मुखिया संजू देवी की अध्यक्षता में जन आरोग्य समिति के गठन के लिए बैठक की गई। जहां बताया गया की स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार से प्राप्त निर्देश के अनुसार बकनौरा उप स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीण क्षेत्रों में सुद्दढ़ चिकित्सा व्यवस्था करने को लेकर जन आरोग्य समिति का गठन किया जाना है। बताया गया कि इस समिति में अध्यक्ष, सचिव, सह सचिव सहित सदस्यों को चयन किया जाना है। वहीं इस बैठक में आगनबाड़ी सेविका, आशा, जीविका के सीएम, वार्ड सचिव आदि के साथ बैठक कर समिति का गठन पर विचार विमर्श किया गया। वहीं मुखिया ने बताया की अगली तिथि निर्धारित कर समिति का गठन किया जाएगा।

# सावधान... रोहतास में मिल रहे खसरा के मरीज, सतर्कता बरतने की दिन गयी सलाह

**केटी न्यूज/सासाराम**

- लक्षण दिखने पर सरकारी अस्पताल या नजदीकी आंगनबाड़ी से करें संपर्क



गर्मी का मौसम शुरू होते ही कई बीमारियों का दस्तक भी हो जाता है ऐसे में लोगों को इस मौसम में होने वाली बीमारियों की पहचान और बचाव के लिए भी अभिनव कला संगम द्वारा आज डिहरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के अलावा कई लोग रक्तदान करने के लिए आगे आए जिसमे महिलाएं भी शामिल थी। अभिनव कला संगम द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं इसी के तहत यह शिविर लगाया गया। वही संस्था के लोगों ने बताया कि रक्त की जरूरत हम सभी को होती है। ऐसे में हमें रक्तदान जरूर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से हम लोगों की जिंदगी भी बचा सकते हैं। वही शिविर ने रक्तदान कर चुके लोगों को संस्था के द्वारा प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।जानकारी जी रही है। इधर रोहतास जिले में बढ़ती गर्मी के वजह से कुछ इलाकों में चेचक एवं खसरा का भी प्रकोप देखने को मिल रहा। हालांकि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अभी ये पुष्टि नही की जा रही कि जिले के कितने प्रखण्डों में चेचक के प्रकोप देखने को मिल रहें है। लेकिन स्वास्थ विभाग का मानना है कि इस मौसम में चेचक का प्रकोप देखने को मिल जाता है। इसलिए जिले के कुछ प्रखण्डों में खसरा का असर देजखा जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ ने बताया कि जिले के चार प्रखण्डों में खसरा के मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि 5 वर्ष से छोटे बच्चे एवं 40 वर्ष से अधिक लोगो में खसरा का असर ज्यादा देखने को मिलता है।

**क्या है खसरा रूबेला की पहचान :** डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ आफाक अमीर अहमद ने बताया कि चेचक और खसरा दो अलग अलग बीमारी है। उन्होंने बताया कि शरीर पर बड़े बड़े दाने होना औ? उस दानों में पानी व मवाद भरने के साथ साथ सिर में दर्द और बुखासर होना मुख्य लक्षण है। जबकि खसरा में शरीर पर छोटे छोटे लाल दाना, नाक, आंख से पानी आना, खासी और बुखार मुख्य लक्षण होता है। उन्होंने बताया कि खसरा का लक्षण दिखने पर नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र को सूचित किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका पीड़ित के घर जाकर खसरा की पुष्टि करती है। या सासाराम क्षेत्र के हो तो डब्ल्यू एच ओ कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं। इसकी पहचान होने पर खून की जॉच की जाती है। एसएमओ ने बताया कि खसरा होने पर मरीज हाइजेनिक फूड का इस्तेमाल करें। साथ ही साथ विटामिन सी की सिरप की दो खुराक दी जाती है जिससे खसरा का प्रकोप कम हो सके।

**साफ सफाई का रखे पूरा ख्याल:** डब्ल्यूएचओ के एसएमओ ने बताया कि खसरा मुख्यतः 4 से 6 दिनों तक रहता है। ऐसे में शुरूआती लक्षण दिखने पर पांच से छह दिनों के लिए लोगों से थोड़ी दूरी बना लें। उन्होंने बताया कि कोविड के पूर्व खसरा दुनिया मे सबसे ज्यादा और तेजी से फैलने वाला बुनारी था, लेकिन कोविड आने के बाद यह दीसरे नंबर पर चल गया। साथ ही उन्होंने सलाह दिया कि खसरा से पीड़ित व्यक्ति साफ सफाई का पूरा ख्याल रखे शौच से आने, खाना खाने के पूर्व और बाद में हाथों की अच्छी तरह सफाई करें और अधिक से अधिक लोगों से कम से कम पांच फीट की दूरी बना कर रखे।

**लक्षण दिखने पर सरकारी अस्पताल में करें सम्पर्क :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के पी साहू ने बताया कि इन मौसम में चेचक और खसरा का असर देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि चेचक या खसरा होने पर अपने नजदीकी आंगनबाड़ी से भी संपर्क कर सकते है। या फिर अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में तुरंत दिखाए। डीआईओ ने बताया कि सदर अस्पताल में चेचक एवं खसरा का जांच एव इलाज पूरी तरह से निःशुल्क होता है।

## मौसी के घर से निकलने के दौरान गोली मार की गयी थी स्नातक के छात्र की हत्या

# प्रिंस सिंह हत्या मामले में मौसेरे भाई समेत तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/आरा**



- पिता के फर्द बयान पर सिकरहट्टा थाने में मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस
- हत्या के कारणों की जांच कर रही पुलिस, छापेमारी तेज

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी स्नातक के छात्र प्रिंस गांधी की हत्या में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। पिता गांधी राय के बयान पर सिकरहट्टा थाने में केस दर्ज किया गया है। उसमें प्रिंस के मौसेरे भाई मुन्ना सिंह समेत तीन लोगों को नामजद किया गया है। इनमें सिकरहट्ठा गांव निवासी राकेश सिंह उर्फ बउआ जी के पुत्र बबलू सिंह, राजू सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह और सहार थाना क्षेत्र के बड़की खड़ाव गांव निवासी धनंजय राय के पुत्र सोनू राय को नामजद आरोपित बनाया गया है। हालांकि हत्या के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। सिर्फ आपसी मनमुटाव में हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

बताया जा रहा है कि बबलू सिंह का प्रिंस गांधी के साथ आपसी मनमुटाव था। उसी में साजिश के तहत तीनों आरोपितों द्वारा बबलू सिंह के घर में गोली मारकर प्रिंस की हत्या कर दी गयी। उसके बाद शव आरा सदर अस्पताल में छोड़कर सभी आरोपित भाग गए। इधर, पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर हत्या के कारणों की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। उसे लेकर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम छापेमारी कर रही है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। बताते चलें कि कोयल गांव निवासी गांधी राय का 27 वर्षीय पुत्र प्रिंस गांधी बुधवार सुबह अपनी मौसी के घर सिकरहट्टा गांव गया था। देर शाम में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

**मुन्ना के बुलाने पर सिकरहट्टा गया था प्रिंस :** चरपोखरी थानाध्यक्ष निकुंज भुषण के समक्ष गांधी राय की ओर से दर्ज फर्दबयान में कहा गया है कि उनका पुत्र प्रिंस गांधी बुधवार की सुबह अपने चचेरे भाई उत्तम से बोला कि सिकरहट्टा गांव के मुन्ना सिंह ने बुलाया है। उसे लेकर उसने उत्तम से बाइक से सिकरहट्टा गांव पहुंचाने को बोला। उसके बाद उत्तम द्वारा उसे बाइक से सिकरहट्टा गांव पहुंचा दिया गया। बाद में उत्तम वहां से गांव लौट आया। शाम करीब सात बजे मुन्ना सिंह के भाई अंशु सिंह द्वारा फोन से प्रिंस गांधी को गोली लगने की सूचना दी गयी। कहा गया है कि वह चकिया पुल के गिरा था। मुन्ना सिंह उसे सदर अस्पताल ले गए हैं। उस पर वह अस्पताल पहुंचे तो उनके पुत्र का शव इमरजेंसी वार्ड गेट के पास पड़ा है। वहां कोई नहीं था।बाद में पता चला कि मुन्ना सिंह, बबलू सिंह और सोनू राय उनके पुत्र प्रिंस को सदर अस्पताल पहुंचाकर भाग गये हैं। सोनू राय की स्कॉर्पियो से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया था। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। छानबीन की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा हो जायेगा।

### पुलिस ने कहा- मोबाइल से खुलेगा हत्या का राज



पुलिस को प्रिंस की हत्या का राज उसके मोबाइल से खुलने की उम्मीद है। ऐसे में हत्या की तफ्तीश कर रही पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है। उसके मोबाइल का सीडीआर खंगाला जा रहा है। हालांकि उसका मोबाइल फिलहाल पुलिस के हाथ नहीं लगा है। बताया जा रहा है कि प्रिंस अपना मोबाइल मौसी के घर पर ही छोड़ दिया था। सदर अस्पताल पहुंचे उसके मौसेरे भाई मुन्ना सिंह द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गयी थी। उसका कहना था कि वह दस बजे उसके घर पहुंचा था और बारह बजे निकल गया था। अपना मोबाइल भी वहीं छोड़ गया था। इधर, पीरो एसडीपीओ ने बताया कि अभी उसका मोबाइल नहीं मिला है। मोबाइल से कुछ क्लू मिल सकता है। वैसे पुलिस की मानें तो काफी हद तक क्लू मिल गया है। बबलू सिंह से प्रिंस की मनमुटाव के कारणों की जानकारी पुलिस को मिल गयी है। बताया जा रहा है कि प्रिंस गांधी अक्सर अपनी मौसी को गांव जाता रहता था। उसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया था।

## एक नजर

### पहल प्लस परियोजना के अंतर्गत महिला वार्ड सदस्यों का हुआ एक दिवसीय उन्मुखीकरण




**पटना।** प्रखंड कार्यालय मसौढ़ी के प्रांगण में स्थित पंचायत समिति सभा कक्ष में सेंटर फॉर कैटालिजिंग चेंज (सी3), पटना द्वारा चलाए मसौढ़ी प्रखंड में चलाए जा रहे "पहल प्लस" परियोजना के अंतर्गत महिला वार्ड सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन महिला वार्ड सदस्यों का इस प्रकार क्षमतावर्धन करना था की वे अपने क्षेत्र में लड़कियों को सशक्त, उनकी शिक्षा सुनिश्चित कराना, क्षेत्र में पोषण के आयामों को संबोधित करना, तथा साथ साथ लड़कियों व महिलाओं के मुद्दों जैसे घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लिंग आधारित भेद भाव सहित मातृत्व एवं प्रजनन स्वास्थ्य के मुद्दों को भी ये महिलाएं अपने अपने क्षेत्र में संबोधित कर पाएंगी। सेंटर फॉर कैटालिजिंग चेंज के कार्यक्रम अधिकारी आकाश कुमार सिंह ने उपस्थित वार्स सदस्यों को प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां साझा की उन्होंने बाल विवाह से स्वास्थ्य एवं मष्तिष्क पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार, अनुमंडल अस्पताल के प्रबंधक चंद्रशेखर आजाद एवं आई सी डी एस की प्रतिनिधि कुमारी मोनिका एवं पुतुल कुमारी सहित सेंटर फॉर कैटालिजिंग चेंज के कार्यक्रम अधिकारी आकाश कुमार सिंह, जिला समन्वयक अभिषेक कुमार एवं प्रखंड समन्वयक अंजनी कुमारी, शिव रंजन, मनीष एवं दीपक मौजूद रहे।

### 9 को संयुक्त श्रम भवन में नियोजन कैंप आयोजित बेरोजगारों को मिलेगा ऑनस्पॉट रोजगार



**बक्सर।** जिला में 9 मई को आईटीआई परिसर स्थित संयुक्त श्रम भवन में नियोजन कैंप का आयोजन किया गया है। जहां विभिन्न पदों के लिए आठवीं पास युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाएगा। इसकी जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर अनीश तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि आठवीं पास 18 से 30 आयु वर्ग का कोई भी युवा नियोजन कैंप में आकर योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकता है। जानकारी के अनुसार बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग एवं जिला नियोजनालय बक्सर के तत्वाधान में 9 मई को संयुक्त श्रम भवन बक्सर में एक दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया गया है। रोजगार शिविर में आमधनी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा बक्सर जिले के 18-30 वर्ष आयुवर्ग के न्यूनतम 8वीं पास युवकों का ट्रेनी, एंसेंबली व लाइन ऑपरेटर, सीएनसी व वीएनसी ऑपरेटर के साथ ही प्रोडक्शन पद के लिए नियुक्ति की जाएगी। आईटीआई एवं डिप्लोमा पास आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। कंपनी उक्त पद हेतु स्वयं की चयन प्रक्रिया अपनाते हुए नियुक्ति करेगी। कंपनी के द्वारा कुल 100 रिक्तियां दर्शाई गई हैं। कंपनी के द्वारा वेतन 11000-18000 महीना दशार्या गया है. कार्यस्थल गुजरात, पुणे एवं नोएडा है। जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर अनीश तिवारी ने इच्छुक आवेदकों से अपील किया है कि वे 9 मई को जिला नियोजनालय बक्सर में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ जिला नियोजनालय बक्सर में आकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कार्यस्थल पर ही एनसीएस पर निःशुल्क निबंधन किया जाएगा।

### संजीवनी वैन के साथ तकनीकी कर्मी का होगा प्रखंडवार परिचालन



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार जिले में बुनियाद केन्द्र द्वारा संजीवनी वैन के साथ तकनीकी कर्मी का परिचालन प्रखंडवार दिनांक दो से 31 मई निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। बुनियाद संजीवनी वैन में तकनिकी कर्मी में फिजियोथेरेपिस्ट, टेक्नीशियन ओप्थोल्मोलीजी, स्पीच एवं हियरिंग प्रतिनियुक्ति किये गये है। जिला प्रबंधक, जिला बुनियाद केन्द्र ने बताया कि संजीवन वैन में फिजियोथेरिपिस्ट, टेक्नीशियन ओप्थोल्मोलीजी एवं स्पीच एवं हियरिंग पंजीयन रहेगा। उन्होंने बताया कि आज संजीवनी वैन का परिचालन घोषी प्रखंड उबेर पंचायत में किया गया। 06 मई को मोदनगंज प्रखंड के ज्यतिपुर कुरूआ पंचायत में, 08 मई को हुलासगंज प्रखंड के केउर पंचायत में, 09 मई को रतनी फरीदपुर प्रखंड के नेहालपुर पंचायत में, 10 मई को मखदुमपुर प्रखंड के डकरा पंचायत में, 11 मई को जहानाबाद सदर प्रखंड के कल्पा पंचायत में, 12 मई को काको प्रखंड के काको ईस्ट में, 13 मई को घोषी प्रखंड के घोषी में, दिनांक 15 मई को मोदनगंज प्रखंड के नाईमा पंचायत में, 16 मई को हुलासगंज प्रखंड के खुदौरी पंचायत में, 17 मई को रतनी फरीदपुर प्रखंड के रतनी में, 18 मई को मखदुमपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत में, 19 मई को घोषी प्रखंड के शाहपुर पंचायत में, 20 मई को काको प्रखंड के खालिसपुर पंचायत में, 22 मई को जहानाबाद सदर प्रखंड के गोनवा पंचायत में 23 मई को मोदनगंज प्रखंड के बंधुगंज पंचायत में, 24 मई को घोषी प्रखंड के भारथू पंचायत में, 25 मई को काको प्रखंड के काको बेस्ट में, 26 मई को जहानाबाद सदर प्रखंड के सेवनन पंचायत में, 27 मई को काको प्रखंड के नेरथुआ पंचायत में, 29 मई को घोषी प्रखंड के सहोविगहा पंचायत में, 30 मई को मोदनगंज प्रखंड के मोदनगंज में तथा 31 मई को हुलासगंज प्रखंड के मुरगांव पंचायत में संजीवनी वैन का परिचालन किया जाएगा।

## न्यायालय का फैसला : दोषी करार अभियुक्तों को पांच वर्ष सश्रम कारावास

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने मारपीट करने वाले नामजद चार आरोपित सुरेंद्र उर्फ जेलर, मृतुन्जय कुमार, दीपक कुमार व कुंदन कुमार को भारतीय दंड विधि की धारा 307 के तहत दोषी करार करते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक बिंदुभूषण प्रसाद ने बताया कि 11सितम्बर 2014 को 32 भवरिया के निकट घर जा रहे राजू कुमार का रास्ते में बाइक रूकवा कर एकाएक दीपक कुमार, सुरेंद्र उर्फ जेलर, साधु कुमार, मृतुन्जय कुमार व कुंदन कुमार समेत सभी अभियुक्त एक साथ टेम्पो से उतरे हाथ में लिए लोहे के रड, लाठी एवं डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए थे। जख़्मी राजू कुमार के द्वारा सभी अभियुक्त व्यक्तियों के विरुद्ध जहानाबाद थाना में 385 /14 प्राथमिकी दर्ज कराया। बताते चले कि अभियोजन की ओर से मामले में पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक बिंदुभूषण प्रसाद के द्वारा कुल 18 गवाहों की गवाही कराई गई थी। जिस पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान ने सभी गवाहों के मद्देनजर रखते हुए सभी चारों अभियुक्तों को दोषी करार करते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं दीपक कुमार को एडिशनल सजा करते हुए, भारतीय दंड विधि की धारा 379 में तीन वर्ष कारावास, धारा 279 में 6 महीना कारावास की सजा सुनाई है। वहीं इसी मामले में एक और अभियुक्त साधु कुमार न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सका, लिहाजा न्यायालय साधु कुमार पर गैरजमानती वारंट निर्गत किया है।

## दोषी करार अभियुक्तों को पांच वर्ष सश्रम कारावास

**जहानाबाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान की अदालत ने मारपीट करने वाले नामजद चार आरोपित सुरेंद्र उर्फ जेलर, मृतुन्जय कुमार, दीपक कुमार व कुंदन कुमार को भारतीय दंड विधि की धारा 307 के तहत दोषी करार करते हुए पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस सम्बन्ध में अपर लोक अभियोजक बिंदुभूषण प्रसाद ने बताया की 11 सितम्बर 2014 को बत्तीस भवरिया के निकट घर जा रहे राजू कुमार का रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर एकाएक दीपक कुमार, सुरेंद्र उर्फ जेलर, साधु कुमार, मृतुन्जय कुमार, कुंदन कुमार सभी अभियुक्त एक साथ टेम्पो से उतरे हाथ में लिए लोहे के रड, लाठी एवं डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और मौके से फरार हो गया था।

# भोजपुर पुलिस का होगा अपना श्वान दस्ता कांडों के अनुसंधान में अब होगी सहूलियत

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस का जल्द ही अपना श्वान दस्ता होगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। गुरुवार को पुलिस केंद्र में श्वान दस्ता दल के भवन का शिलान्यास भी कर दिया गया। इसके साथ ही भवन का निर्माण शुरू हो गया। अगर सबकुछ ठीक रहा, तो साल के अंत तक भवन का निर्माण पूरा हो जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में श्वान दस्ता दल काम भी शुरू कर देगा। इससे पुलिस को कांड के अनुसंधान में श्वान दस्ता दल के लिए दूसरे जिलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। पुलिस आसानी से श्वान दस्ता दल के जरिए कांडों के अभियुक्तों तक पहुंच जायेगी।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से सभी जिलों में श्वान दस्ता दल की व्यवस्था की जा रही है। उसके लिए भवन सहित अन्य संसाधन विकास उपलब्ध कराया जा रहा है। उसी कड़ी में गुरुवार को आरा पुलिस केंद्र में भी सीएम की ओर से श्वान दस्ता दल के भवन का शिलान्यास किया गया। इस वित्तीय साल तक भवन निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि भवन निर्माण पूरा होने के साथ ही श्वान दस्ता दल काम करना शुरू कर देगा। बता दें कि अब तक किसी कांड के अनुसंधान के लिए डेहरी या पटना से श्वान दस्ता दल बुलाना पड़ता था। उससे परेशानी होती है।

## सदर अस्पताल के एसएनसीयू में जन्मजात बच्चों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवा मौजूद

# खुशखबरी: एसएनसीयू की बढ़ी सुविधा, नवजात के लिए नि:शुल्क इलाज

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के सदर अस्पताल में सामान्य इलाज की सुविधा के साथ ही नवजात शिशु गहन इकाई में भी सुविधाओं में वृद्धि हुई है। जिससे अपेक्षाकृत नवजात शिशुओं की संख्या में अपेक्षाकृत वृद्धि हुई है। जहां शिशुओं की महंगी इलाज निःशुल्क मिल रही है। नवजात शिशुओं की इलाज के लिए 24 घंटे डॉक्टर भी उपलब्ध्द हो गये है। इसके साथ ही विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टॉफ की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू में 12 बेड लगाया गया है। जहां नवजात की क्रिटिकल स्थिति में भी इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं सदर अस्पताल परिसर में सक्रिय दलाल सदर अस्पताल के एसएनसीयू में इलाज कराने की बजाय उन्हें नीजी अस्पतालों मे पहुंचा देते है। जिससे गरीबों का नीजी अस्पताल में शोषण हो रहा है। इन दिनों सदर अस्पताल में पर्याप्त दवा के साथ ही 24 घंटे डॉक्टर एसएनसीयू में इलाज के लिए मौजूद है। वहीं नवजात शिशु के साथ ही उसके एक परिजन को ठहरने एवं भोजन की भी व्यवस्था निःशुल्क की जा रही है।

**क्रिटिकल केयर की है सेवाएं उपलब्ध्द :** सदर अस्पताल की सामान्य सेवाओं के साथ ही नवजात के लिए क्रिटिकल सेवाएं पूरी तरह उपलब्ध्द है। पहले की अपेक्षा इन दिनों सेवाओं के साथ ही सभी प्रकार की दवायें भी निःशुल्क उपलब्ध्द हो रही है। एसएनसीयू में क्रिटिकल केयर की सेवाओं की तहत पीलिया, कम दिन का जन्मे शिशु, श्वास लेने की परेशानी वाली शिशुओं का इलाज किया जा रहा है।

**कहते है स्वास्थ्य प्रबंधक :** सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक दुष्यंत सिंह सदर अस्पताल के एसएनसीयू में बेहतर सुविधायें मिल रही है। प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी के साथ ही डॉक्टर 24 घंटे सेवा के लिए मौजूद है। बेहतर सेवा के साथ ही निःशुल्क इलाज एवं दवा अस्पताल से उपलब्द्ध कराया जा रहा है। नवजात शिशुओं को विभिन्न प्रकार की बीमारियों के साथ क्रिटिकल बीमारियों का भी शिशु रोग के डॉक्टर से इलाज हो रहा है।

# रिश्ता शर्मसार: आशिक के साथ मिलकर पत्नी ने रेता था शराब तस्कर पति का गला

- रेंका पांडेयपुर गांव में हुए शराब तस्कर अक्षय पांडेय उर्फ बड़े पांडेय हत्याकांड का खुलासा
- पत्नी व आशिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लोहे की दबिया व खून से सने कपड़े बरामद

केटी न्यूज/डुमरांव



29 अप्रैल की रात सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका पांडेयपुर गांव में हुए शराब तस्कर अक्षय पांडेय उर्फ बड़े पांडेय हत्याकांड का खुलासा हो गया है। उसकी हत्या अवैध संबंधों पर पर्दा डालने के लिए खुद उसकी पत्नी ने ही अपने आशिक के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने पांच दिनों के अंदर ही इस हत्याकांड का उदभेदन करते हुए उसकी पत्नी ममता पांडेय तथा आशिक उसी गांव के गोपाल दूबे के पुत्र जितेन्द्र दूबे को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त किया गया लोहे की दबिया तथा खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिए गए है। हालांकि इस मामले में स्थानीय पुलिस अभी कुछ बोलने से परहेज कर रही है।

## वैज्ञानिक तरीके से जांच में खुला मामला

वैसे माना जा रहा है कि शुक्रवार को एसपी खुद प्रेस वार्ता आयोजित कर इस मामले की जानकारी देंगे। बता दें कि 29 अप्रैल की रात पांडेयपुर गांव में दरवाजे पर सो रहे 42 वर्षीय अक्षय पांडेय की गला रेत निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। शनिवार की सुबह खून से लथपथ उनका शव पड़ा था। जिसके बाद उसकी पत्नी ने बसगितिया के सरोज यादव पर पैसे के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। लेकिन घटना की जांच कर रही स्थानीय पुलिस के साथ ही एसपी मनीष कुमार को इस मामले में इंपुट मिले थे कि अवैध संबंधों पर पर्दा डालने के लिए उसकी पत्नी ने ही अपने आशिक के साथ मिल इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने वैज्ञानिक तरीके से इस मामले की जांच की तो सारा मामला परत दर परत खुलता चला गया। जिसके बाद गुरूवार को खुद एसपी पांडेयपुर पहुंचे थे। परिजनों से बात चीत के बाद पुलिस ने महिला पुलिस के सहयोग से पति के हत्यारिन पत्नी तथा उसके आशिक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले का खुलासा होने के बाद लोगों में आश्चर्य व्याप्त है। किसी को इस बात का भरोसा नहीं हो रहा था कि उसकी पत्नी ऐसा कर सकती है। सूत्रों की मानें तो पुलिस के सामने उसने अपना जुर्म कबूल लिया है।

## तीन सालों से चल रहा था अवैध संबंध

सूत्रों की मानें तो अक्षय की पत्नी ममता व जितेन्द्र के बीच पिछले तीन सालों से अवैध संबंध था। जानकारों का कहना है कि शराब तस्करी मामले में अक्षय जेल गया था। उसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी थी। अक्षय के जेल से बाहर आने के बाद भी दोनों चोरी छिपे एक दूसरे से मिलते थे। सूत्र बताते है कि दो वर्ष पूर्व अक्षय ने इस मामले में एक बार अपनी पत्नी की पिटाई भी की थी। लेकिन उसके बाद भी दोनों अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। इधर उसके बाद अक्षय फिर से शराब तस्करी मामले में जेल चला गया था। इधर दोनों की नजदीकियां अब परवान चढ़ने लगी थी, जो अक्षय को नागवार गुजरती थी। इस कारण दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होते रहता था। इसी बीच दोनों ने मिल उसे रास्ते से हटाने की ठानी और पिछले शुक्रवार की रात लोहे की दबिया से उसका गला रेत मौत के घाट उतार दिए।

## खबरें फटाफट

### साइबर उचक्कों ने युवक के खाते से उड़ाए 52 हजार रु.

**डुमरांव।** साइबर उचक्कों के नये-नये कारनामे कर खाताधारकों के खाते से रुपये गायब करने की कारनामे रोज होते है, तो वहीं ऐसे जालसाजों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने और पकड़ने में पुलिस हलकान बनी है। ऐसा ही एक मामला डुमरांव थाना क्षेत्र के छतनवार गांव में सामने आया है, जहां एक खाताधारक युवक के मोबाइल पर साइबर उचक्कों ने फोन कर खाता सत्यापन को लेकर सारी जानकारी हासिल कर ली और युवक के खाते से तीन बार में 52 हजार 400 की राशि गायब कर दी। जब राशि निकासी का मैसेज युवक के मोबाइल पर आया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गया और इसकी जानकारी तत्काल शाखा प्रबंधक को दी। पीड़ित छतनवार गांव का रहने वाला ओमप्रकाश गोस्वामी बताया जाता है। पीड़ित ने इस मामले में डुमरांव थाने में आवेदन देकर साइबर उचक्कों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि पुलिस पीड़ित के आवेदन पर मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुटी है। ज्ञात हो कि साइबर अपराधी लगातार खातों से पैसे उड़ा रहे हैं। हालांकि साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

### विवाद में मारपीट, चार पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाला टोली रोड मोहल्ले में मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गये और मारपीट के बाद मामला थाना पहुंचा। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी। इस मामले में एक पक्ष के विजय सिंह ने चार लोगों के खिलाफ आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरे भाई मंगल सिंह द्वारा जबरन मेरे कमरे का ताला तोड़ा जा रहा था। जब इस पर विरोध जताया तो मेरे साथ मारपीट की गयी। प्रभारी थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि आवेदन के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

### तीसरा चरण: 9 मई से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया, 11 जून को आएंगे नतीजे

# डुमरांव व इटाढ़ी में निकाय चुनाव की घोषणा, 9 जून को डाले जाएंगे वोट

- अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता लागू, तैयारी में जुटे प्रत्याशी
- 24 को होगा चुनाव चिह्न का आवंटन
- इस बार चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का चुनाव सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाएगा

केटी न्यूज/डुमरांव

राज्य निर्वाचन आयोग ने डुमरांव नगर परिषद व इटाढ़ी नगर पंचायत चुनाव की घोषणा कर दी है। आयोग द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के अनुसार एक साथ दोनों निकायों में 9 जून को मतदान कराया जायेगा। 11 जून को नतीजे घोषित होंगे। आयोग द्वारा घोषणा होते ही नप क्षेत्र के दायरे में आचार संहिता लागू हो गया है। नगर निकाय चुनाव के स्थगित नगर निकायों के तीसरे चरण में डुमरांव व इटाढ़ी भी शामिल है। दो चरणों की निकाय चुनाव के बाद सबकी निगाहें तीसरे चरण के चुनाव पर टिक गयी थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। आयोग के अनुसार 9 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी, जो 17 मई तक पूरा किया जायेगा। बता दें कि इस बार चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का चुनाव सीधे मतदाताओं द्वारा किया जाएगा।

नप चुनाव को लेकर डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में चुनावी रंग चढ़ने लगा है। भावी उम्मीदवार वोटरों के दरवाजे पर दस्तक देने लगे है। चुनावी समर में उतरने वाले वैसे उम्मीदवारों से शहर का कोना-कोना बैनर-

### परिसीमन के बाद डुमरांव नप क्षेत्र में बनाए गए हैं 35 वार्ड



पोस्टरों से पटा है। चाय के चुस्कियों के बीच चुनावी चर्चा-ए-आम हो गयी है। चुनाव का ऐसा रंग चढ़ा कि वार्डों में पार्षद पद पर चुनाव लड़ने वालों की संख्या कम दिख रही है। वहीं मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के भावी दावेदारों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। नगर परिषद का दायरा बढ़ने के बाद पहली बार वोटर मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद का चुनाव करेंगे। परिसीमन के बाद नप क्षेत्र में 35 वार्ड बनाये गये है। सरकार के निर्देश के बाद बदली इस व्यवस्था में नप के मंझे हुए खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ गयी है। क्षेत्र विस्तार उनके लिए बना-बनाया खेल बिगाड़ दिया है। समय से पहले ही सत्ता से बेदखल होने के बाद पार्षद अपनी नई भूमिका की तलाश में जुट गये है। वैसे पार्षदों को अब वार्ड के लोगों के प्रति काफी मिलना-जुलना बढ़ गया है और वोटरों की छोटी से समस्या भी उन्हें बहुत भारी दिखाई पड़ने लगी है। साढ़े चार वर्षों तक लोगों के काम के प्रति लापरवाह बने कई पार्षद आज उनके हितैषी बन बैठे है। पीएम आवास योजना, नल-जल योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य कामो को लेकर अपने चहेते पार्षदों को खोजते-खोजते वार्डवासियों के पैरों में छाले पड़ जाते हैं, लेकिन चुनाव की घोषणा होते ही संभावित प्रत्याशी वोटरों के दिल जीतने के लिए मेल-जोल बढ़ाना शुरू कर दिये है।

### डुमरांव के परिसीमन में शामिल किए गए हैं 12 गांव

डुमरांव नप के दायरा बढ़ने के बाद नई निकाय सरकार में 12 गांवों को भी शहरी लाभ मिलेगा। पंचायती राज के बाद नगर निकाय में शामिल होते ही इन गांवों में भी भावी प्रत्यशियों की चुनावी समीकरण में भाग्य आजमाने की ललक बढ़ गयी है। पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, बनकट और महरौरा सहित 12 गांवों के विकास के मामले में बेहतर बनाने के लिए इन गांवों में भी मुख्य पार्षद के उम्मीदवारों की संख्या दर्जनों से अधिक है। जानकार बताते हैं कि इस बार पूर्व के ग्रामीण और शहरी वोटरों के बीच मुख्य पार्षद पद के चुनाव होंगे। गांव के पूर्व में रहे मुखिया, सरपंच सहित कई अन्य समाजसेवी भी इस पद की दौड़ में शामिल हैं। भावी उम्मीदवार निकाय चुनाव को देखते हुए पहले से ही जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं लोगों से मिलने-जुलने के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर भी अपने विचार और कामकाज भी उनसे साझा कर रहे हैं।

### चुनावी कार्यक्रम एक नजर में

- नामांकन की तिथि: 9 से 17 मई तक
- समीक्षा : 18 से 20 मई तक
- नाम वापसी: 21 से 23 मई तक
- सिंबल आवंटन: 24 मई
- मतदान तिथि: 9 जून
- मतगणना तिथि: 11 जून

## एसपी का निर्देश... लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाएं थानेदार

- एसपी मनीष कुमार ने किया कोरानसराय थाना का निरीक्षण

केटी न्यूज/डुमरांव

गुरूवार को एसपी मनीष कुमार ने कोरानसराय थाना का निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने घंटों विभिन्न कांडो की फाइलों का अवलोकन किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने लंबित कांडो के निष्पादन में तेजी लाने, पुलिस गश्त बढ़ाने, फरार अपराधियों व वारंटियों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति पर बल देते हुए शराब तस्करों पर लगाम लगाने को कहा। एसपी ने खासकर रात्रि गश्त



बढ़ाने तथा नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार वे सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका पांडेयपुर गांव में हुए अक्षय पांडेय हत्याकांड के सिलसिले में पांडेयपुर गांव गए थे। वहां से लौटने के दौरान उन्होंने कोरानसराय थाने का निरीक्षण किया।

## राजपुर में जीविका मिशन ने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए शुरू किया सामुदायिक पुस्तकालय

केटी न्यूज/राजपुर

- सामुदायिक पुस्तकालय में वर्गवार बच्चों के सभी विषयों की किताबों को रखा गया है
- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को भी विशेष दी जाएगी सुविधा

राजपुर में जीविका मिशन ने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए अनोखी पहल करते हुए सामुदायिक पुस्तकालय की शुरूआत की है। जिसका उद्घाटन गुरूवार को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार ने वेबीनार के माध्यम से किया। सरकार की तरफ से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब एवं पिछड़े वर्ग के छात्रों को आगे बढ़ने के लिए यह एक नई पहल की है। जीविकोपार्जन योजना के तहत ग्रामीण पिछड़ेपन को दूर कर आर्थिक मजबूती देने के लिए रोजगार परक योजनाओं को लागू कर महिलाओं को घरेलू उद्योग धंधे से जोड़ने का काम किया है। जिसमें महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ रही हैं।

बदलते समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सरकार की इस पहल से बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस सामुदायिक पुस्तकालय में वर्गवार बच्चों के सभी विषयों की किताबों को रखा गया है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को भी विशेष सुविधा दी जाएगी। भौतिक रूप से छात्र यहां आकर सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक अपनी तैयारी कर सकते हैं।

विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए किताबों का भी एक अच्छा संग्रह है जहा से बच्चे किताबों को लेकर आसानी से अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस अनोखी पहल से बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, एलएचएस पवन पासवान, शशि भूषण, पंकज कुमार, वीरेंद्र कुमार रजक, रीना देवी ,विद्या देवी, प्रियंका कुमारी, माधुरी देवी, बबीता देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### भारतीय मानक ब्यूरो के नेतृत्व में डुमरांव राज हाई स्कूल में स्टैंडर्ड मानक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

# हर नागरिक को जागरूक उपभोक्ता होना जरूरी: डॉ अभय पांडेय

केटी न्यूज/डुमरांव

भारतीय मानक ब्यूरो के नेतृत्व में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्ड पटना शाखा के तत्वावधान में स्टैण्डर्ड क्लब बक्सर द्वारा स्थानीय राज +2 उच्च विद्यालय में स्टैण्डर्ड मानक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के सदस्य विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज +2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद मिश्र ने किया। वहीं भारतीय मानक ब्यूरो के साधनसेवी भोला पंडित और




प्रशिक्षक एस के पांडेय बतौर अतिथि उपस्थित थे। क्लब के मेंटर डॉ अभय कुमार पांडेय द्वारा विषय प्रवेश कराते हुये कहा कि आज प्रत्येक नागरिक को एक जागरूक उपभोक्ता होने की आवश्यकता है ताकि वह जिन वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग कर रहा है उसकी प्रमाणिकता और विश्वसनीयता को परख सके। इसी के उद्देश्य को ध्यान




में रख कर इस तरह के क्लब के द्वारा बच्चों व नागरिकों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है। वहीं साधनसेवी भोला पंडित ने बताया कि उपभोक्ता के तौर पर हम जिन वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करते हैं उनकी गुणवत्ता की परख करने आना चाहिये। उन्होंने पैकेज्ड पानी और बिस्कुट का उदाहरण बताते हुए उसकी गुणवत्ता की परख करने के तरीके पर विस्तार से प्रकाश डाला। एस के पांडेय ने बताया कि इस तरह की जागरूकता को प्रशिक्षण के माध्यम से आम आदमी तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच गतिविधि के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथ ही लिखित प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान अंजली कुमारी व सलेहा खातून, वहीं द्वितीय स्थान अगस्त्य व आकाश कुमार, तृतीय स्थान रविन्द्र उर निशांत व सांत्वना पुरस्कार प्रियदर्शनी व वंदना ने प्राप्त किया जिसे क्लब के द्वारा पारितोषिक भी प्रदान किया।

## एक नजर

### युवा ताकत के बल पर 2024 के चुनाव में फिर से सत्ता संभालेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: सौरभ



**बक्सर।** गुरूवार को किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर भाजपा युवा मोर्चा की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नए जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। बैठक में पूर्व के कार्यो की समीक्षा तथा प्रधानमंत्री के मन की बात में युवा मोर्चा के सहभागिता पर चर्चा एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। अपने संबोधन में सौरभ ने कहा कि युवा मोर्चा भारत ही नहीं दुनियां में युवाओं का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन बन गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में एक बार फिर से युवा ताकतों की बदौलत ही केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनेगी। बैठक में नई कार्यसमिति के गठन पर भी कार्यकताओं की राय मांगी गई। इस जिला बैठक में युवा मोर्चा के पुरानी कार्यसमिति के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अंजय चौबे ने व धन्यवाद ज्ञापन निवर्तमान जिला महामंत्री बिट्टू सिंह ने किया। इस अवसर पर निशांत राय निशु, अभिषेक पाठक, विमलेश सिंह, ओमजी यादव, अक्षय ओझा, दीपक सिंह, सौरभ चौबे, अभिनंदन मिश्र, आदर्श जायसवाल, अरविंद पासवान, करन सिंह, चन्दन सिंह, दीपक शाक्य, धन्नजय पांडेय, गोविंद जायसवाल,आलोक पाठक, माझिल ओझा, अभिषेक राय, प्रतीक सिंह, बलिराम केशरी, सोनू पांडेय, सूरज पांडेय, कृष्णमुरारी पांडेय, पवन पांडेय, अमपु राय, अभिषेक राय समेत जिले के सभी प्रखंडो से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया जिप कार्यालय का निरीक्षण

**बक्सर।** गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने जिला परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लघु सिंचाई प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता सह जिप अभियंता से जिला परिषद में संचालित योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। एवं आवश्यक दिशा निदेश दिए। उन्होंने जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के निर्माण के संबंध में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला अभियंता को आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने योजनाओं के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिप कार्यालय में एक कनीय अभियंता की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश भी दिया है।

### चुआड़ में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी तेज, 8से 15 मई तक बहेगी भक्ति की सरिता

**डुमरांव।** अनुमंडल के चुआड़ गांव में परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के मंगलानुशासन में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 8 से 15 मई तक होगा। इसकी तैयारी तेज हो गई है। परम संत जीयर स्वामी जी के आगमन की खबर से चुआड़ के साथ ही जिले भर के उनके शिष्यों व अनुयायियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। आयोजन समिति ने बताया कि स्वामी जी महाराज का आगमन 8 मई को होगा। इसी दिन से ज्ञान कथा यज्ञ प्रारंभ हो जाएगा। जबकि 10 मई को कलश यात्रा के साथ लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की विधिवत शुरूआत होगी। 15 मई को पूणाहूति तथा भंडारा किया जाएगा। इस आयोजन से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### लोक शिकायत में चार मामलों का स्पॉट निष्पादन

**बक्सर।** बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के तहत गुरूवार को आयोजित जनता दरबार में डीएम अंशुल अग्रवाल ने विभिन्न अपीलाथियों द्वारा दायर किए गए अपील वाद की सुनवाई की । समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित इस जनता दरबार में कुल 16 मामले आए थे। जिसकी सुनवाई कार्यालय कक्ष में एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े पदाधिकारियों के साथ की गई। जिसमें से 04 लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम से संबंधित मामलों का निष्पादन ऑन द स्पाट किया गया। सुनवाई के क्रम में अपर समाहर्ता बक्सर, स्थापना उप समाहर्ता बक्सर, डीसीएलआर बक्सर, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल बक्सर, नगर थानाध्यक्ष बक्सर एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी राजपुर, डुमराव, अंचलाधिकारी चौसा, सिमरी, राजपुर, इटाढ़ी, नावानगर एवं डुमरांव उपस्थित रहे।

### कतिकनार को हरा चनवथ की टीम बनी डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता

**केसठ।** रामपुर पंचायत के कुलमनपुर गांव में बुधवार की रात्रि में युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह, बीडीसी मंजू देवी, रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय, सरपंच विष्णु देव पासवान, अमर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मैच का उदघाटन अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस मैच में कुल 8 टीमों ने भाग लिया था। जो 10 ओवर का था। जिसमें फाइनल मुकाबला कतिकनार बनाम चनवथ टीम के मध्य हुआ। इस मैच में चनवथ की टीम ने टॉस जीत बॉलिंग करने का निर्णय लिया। रोमांचक मुकाबले के बीच कतिकनार की टीम ने दस ओवर में कुल 108 रन बनाए। जबाव में खेलने उतरी चनवथ की टीम तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 4.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद चनवथ की टीम को विजेता जबकि कतिकनार की टीम को रनर कप दिया गया।

### तीन नगर पालिका व पांच नगर पंचायत के 229358 मतदाताओं ने 266 बूथों पर डाल वोट

# गाजीपुर में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ पहले चरण का चुनाव, पांच बजे तक 56.05 प्रतिशत हुआ मतदान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के तीन नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायतों में प्रथम चरण का मतदान प्रातः सात बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गया। मतदान देने का सिलसिला शाम छह बजे तक जारी रहेगा। चुनाव संपन्न होने के बाद अध्यक्ष और सभासद पद के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतपेटिकाओं में बंद हो जाएगा। देखा जाए तो जनपद में कुल 99 मतदान केंद्र और 266 बूथों पर मतदान चल रहा है। गाजीपुर नगर पालिका परिषद में 37 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां बुधवार रात से ही मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा के मद्देनजर आरएएफ, पीएसी व पुलिस कर्मी तैनात किए गए। मतदाता विभिन्न बूथों पर कतार में खड़े होकर अपना वोट शांतिपूर्वक डाल रहे हैं। जनपद के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल मतदाताओं की संख्या 229358 है। जबकि कुल वार्डों की संख्या 136 व मतदान केंद्रों की संख्या 99 है। इनमें 32 संवेदनशील तथा 40 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए। अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों की संख्या भी 12 है।

बता दें कि इन मतदान केंद्रों पर इस बार वेबकास्टिंग की जाएगी। गाजीपुर सदर में कुल 37 मतदान केंद्र और 100 मतदान स्थल बनाया गया है। वहीं मोहम्मदाबाद नगर पालिका में 13 मतदान केंद्र और साहित्य संगम स्थल बनाए गए हैं। इसके अलावा जमानिया नगर पालिका परिषद में 12 मतदान केंद्र 136 मतदान स्थल बने हैं। जबकि नगर पंचायत जंगीपुर में 11 वार्ड में सात मतदान केंद्र और 10 मतदान स्थल होंगे। जबकि सैदपुर के 15 वार्डों में दोषी मतदान केंद्र बने हैं। यहां 26 मध्य स्थल बनाए गए हैं। सादात में यह 11 वार्डों में पांच मतदान केंद्र और 11 मतदेय स्थल तथा बहादुरगंज के 13 वार्डों में नौ मतदान केंद्र और 23 मतदेय स्थल बने हैं। दिलदारनगर पंचायत के 12 वार्डों में छह मतदान केंद्र और 19 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।



### बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, बैलेट पेपर से हुआ मतदान

सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में बनाए गए बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। क्योंकि इस बार ईवीएम से नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से चुनाव होना है। इसे लेकर जिला प्रशासन काफी सख्त है कि कोई भी मतदेय स्थल पर ज्वलनशील पदार्थ या पानी लेकर अंदर नहीं जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। इन बूथों पर वीडियोग्राफी के भी इंतजाम किए गए हैं। कल सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे तक मतदान चलेगा।

### एक कंपनी आरएएफ व पीएसी की तीन कंपनी ने संभाला मोर्चा

**गाजीपुर।** जनपद में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने के लिए फोर्स का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। इनमें 27 थानाध्यक्ष, 250 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर, 225 महिला कांस्टेबल और महिला इंस्पेक्टर, 1300 कांस्टेबल, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी तैनात की गई है। इसके अतिरिक्त सोनभद्र, बलिया, मऊ, आजमगढ़, भदोही जनपदों से 60 सब इंस्पेक्टर और 200 कांस्टेबल की तैनाती की गई है जबकि चुनाव ड्यूटी में 555 होमगार्ड भी लगाए गए हैं।

### समस्याओं के समाधान के लिए कंट्रोल रूम में करें संपर्क

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्ष और पारदर्शिता ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पालिका परिषद गाजीपुर के मतदान केंद्र एमएच इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कहा कि मतदान में किसी भी प्रकार की समस्या पर कन्ट्रोल रूम -0548-2221303, 2226100 एवं मोबाइल नंबर-9555050448 पर तत्काल सूचना प्राप्त कर समस्या का समाधान त्वरित करने की व्यवस्था की गई थी।



### तीन नपा व पांच नपं में लगाए गए 1200 मतदान कमी

तीन नगर पालिका और पांच नगर पंचायतों में सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए कुल 266 बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर मतदान कराने के लिए कुल 1200 कार्मिक लगाए गए हैं। गाजीपुर में 100, जंगीपुर 13, जमानियां 37, मुहम्मदबाद 37, सैदपुर 26, सादात 11, बहादुरगंज 23, दिलदारनगर 19 बूथ बनाये गए हैं। वहीं, प्रत्येक बूथ पर एक पीठासीन व तीन कार्मिक नियुक्त है।

### डीएम और एसपी ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण



**गाजीपुर।** जिले के तीन नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायतों में बृहस्पतिवार को सुबह 7:00 बजे से आरंभ हुआ। मत प्रतिशत पर एक नजर डालें तो पूर्वाह्न नौ बजे सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल 7.79% वोट पड़े एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान चलता रहा। द्वितीय चरण का मतदान पूर्वाह्न 11:00 बजे कुल 21.03 प्रतिशत तक पड़ा। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों का भी निरीक्षण किया। इसके तहत नगर पालिका मुहम्मदाबाद के मतदान केंद्रों के पोलिंग बूथों का भी स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आला अफसरों की देखरेख में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। दोपहर बाद एक बजे तक कुल 34.13 प्रतिशत तक मत पड़े। इसी क्रम में तीन बजे तक कुल 44.52 प्रतिशत तक मत पड़े। वहीं, चुनाव की अवधि समाप्त होने तक शाम पांच बजे तक 56.05 प्रतिशत मतदान हुए। जनपद के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल मतदाताओं की संख्या 229358 है। जबकि कुल वार्डों की संख्या 136 व मतदान केंद्रों की संख्या 99 है। इनमें 32 संवेदनशील तथा 40 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए। अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों की संख्या भी 12 है। बता दें कि इन मतदान केंद्रों पर इस बार वेबकास्टिंग की जाएगी। गाजीपुर सदर में कुल 37 मतदान केंद्र और 100 मतदान स्थल बनाया गया है। वहीं मोहम्मदाबाद नगर पालिका में 13 मतदान केंद्र और साहित्य संगम स्थल बनाए गए हैं। इसके अलावा जमानिया नगर पालिका परिषद में 12 मतदान केंद्र 136 मतदान स्थल बने हैं। जबकि नगर पंचायत जंगीपुर में 11 वार्ड में सात मतदान केंद्र और 10 मतदान स्थल होंगे। जबकि सैदपुर के 15 वार्डों में दोषी मतदान केंद्र बने हैं। यहां 26 मध्य स्थल बनाए गए हैं। सादात में यह 11 वार्डों में पांच मतदान केंद्र और 11 मतदेय स्थल तथा बहादुरगंज के 13 वार्डों में नौ मतदान केंद्र और 23 मतदेय स्थल बने हैं। दिलदारनगर पंचायत के 12 वार्डों में छह मतदान केंद्र और 19 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।




## पीसीएस परीक्षा से पूर्व सभी तैयारियां कर ली जाएं: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने आगामी 14 मई को होने वाली पीसीएस परीक्षा 2023 को लेकर पर्यवेक्षक, समन्वय सर्वेक्षक, अतिरिक्त पर्यवेक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी तैयारियां कर ली जाएं। साथ ही सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए जाए और विद्यार्थियों के बैठने के लिए बेंचो की व्यवस्था की जाए। कक्षों की साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए साथ ही विद्यार्थियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होगी। स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपनी तैनाती के



केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक केंद्र पर भ्रमणशील रहेंगे। जनपद में यह परीक्षा पहली बार होने जा रही है इसलिए अत्यधिक सतर्कता की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों को जो भी कार्य दिए गए हैं उसको भली-भांति समझ ले और परीक्षा के दौरान उसका पालन करें। यह बहुत संवेदनशील परीक्षा है। केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट आपस में समन्वय रखेंगे।

### दस नाबालिग संग तीन मानव तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस ने संयुक्त रूप से स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात और आठ से दस नाबलिग बच्चों के साथ तीन मानव तस्कर को गिरफ्तार किया। तीनों बिहार से बच्चों को साड़ी की फैक्टरी में काम कराने के लिए वाराणसी ले जा रहे थे। आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार और जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्टेशन पर नियमित गश्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या सात और आठ पर दस नाबालिग बच्चे बैठे दिखे। पूछताछ में पता चला कि तीन लोग बच्चों को अररिया बिहार से साड़ी की फैक्टरी में काम कराने के लिए वाराणसी ले जा रहे हैं। बच्चे सीमांचल एक्सप्रेस से आए थे। वाराणसी जाने की तैयारी में थे। बच्चों की निशानदेही पर बिहार के अररिया जिले के मकियारपुर निवासी मो. शाहजुद्दीन, मो. जुम्मन और मोहम्मद सकीम को गिरफ्तार बताया।

## तिलकोत्सव से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/बलिया**

उभांव थाना क्षेत्र के मझौवां गांव निवासी स्व. गोबर्धन राजभर का बेटा बृजेश राजभर (35 वर्षीय) अपने घर से बुधवार को बाइक से पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा गांव निवासी अपने फूफा के घर तिलकोत्सव में गया था। बुधवार की देर शाम बाइक से वापस लौट रहा था। पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा चट्टी के करीब बाइक साइकिल से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

बलिया में पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा गांव से अपने फूफा के घर से मांगलिक कार्यक्रम से हिस्सा लेने के बाद बुधवार की देर शाम अपने घर वापस आ रहा बाइक सवार युवक उससा चट्टी के पास साइकिल सवार



से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से चिकित्सक के यहां ईलाज कराया गया। युवक की गंभीर स्थिती को देखते हुए चिकित्सक ने रेफर कर दिया। उसे मऊ लेकर जा रहे थे कि रास्ते में दम तोड़ दिया। युवक का शव उसके घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उभांव थाना क्षेत्र के मझौवां गांव निवासी स्व. गोबर्धन राजभर का बेटा बृजेश राजभर अपने घर से बुधवार को बाइक से पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा गांव निवासी अपने फूफा के घर तिलकोत्सव में गया था। बुधवार की देर शाम बाइक से वापस लौट रहा था। पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा चट्टी के करीब बाइक साइकिल से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका ईलाज स्थानीय चिकित्सक से कराया गया, गंभीर स्थिती को देखते हुए चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। परिजनों एवं अन्य सहयोगियों की मदद से उसे मऊ के लिए लेकर जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बृजेश की तीन बेटियां और एक बेटा है। पत्नी चांदमुनी का रोते रोते बुरा हाल है।

### दूसरे चरण के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

# अखिलेश यादव को बनाना है प्रधानमंत्री: रामगोविंद चौधरी

**केटी न्यूज/बलिया**

यूपी निकाय चुनाव के लिए प्रथम चरण का मतदान शुरू है। वहीं दूसरे चरण के लिए प्रचार प्रसार जोरों पर है। गुरुवार को जिले के बांसडीह नगर पंचायत में स्थित सपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि मैं नेता विरोधी दल रह चुका हूं। मुख्यमंत्री मुझे नहीं बनना है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बनाना है। और प्रधानमंत्री भी अखिलेश यादव बनेंगे। बांसडीह विधानसभा में चार नगर पंचायतों का चुनाव रोचक होता जा रहा है। बांसडीह में सपा प्रत्याशी सुनील सिंह बब्लू के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ।




जिसके मुख्यातिथि द्वय पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी व पूर्व प्रदेश सचिव अकमल नईम खा मुन्ना रहे। दोनों अतिथियों ने फीता काटकर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रामगोविंद चौधरी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और मेरा प्रतिष्ठा तभी बचेगा जब सपा के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। कहा कि मुझे भारतीय जनता पार्टी में शामिल करने के लिए राज्यसभा सदस्य बनने का लालच दिया गया। लेकिन मैं जय प्रकाश नारायण, चंद्रशेखर व मुलायम सिंह के साथ रहा हूं। मेरी धारणा के बारे में सभी जानते हैं।मैने जवाब दे दिया था। आप लोगों के बीच सम्मान के साथ रहा हूं।राम गोविंद चौधरी ने लोगों से कहा कि मेरा सम्मान आप लोगों के हाथ में है। कहा आप सब का आशीर्वाद रहे तो रेवती, सहतवार, बांसडीह, मनियर में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। मैं प्रदेश सरकार का नेता विरोधी दल रह चुका हूं जो मुख्यमंत्री के बाद वही पद रहता है। मुझे मुख्यमंत्री नही बनना है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बनेंगे। इतना नहीं उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव प्रधानमंत्री बनेंगे।अंत में कहा बांसडीह का चेयरमैन सुनील सिंह भारी बहुमत से को बनाना है। कार्यालय उद्घाटन में बांसडीह के प्रभारी सुशील पांडेय कान्हजी व श्रीभगवान वर्मा, गोंडवाना पार्टी के महासचिव अरविंद गोंड, अलगू गोंड, जिलाध्यक्ष तारकेश्वर गोंड, सुभाष ओझा, महगू तिवारी, नंदलाल यादव, अमित सिंह, अवधेश भारती, बेदप्रकाश सिंह, रामजी यादव, देवेन्द्र यादव, रामदेव, अरुण यादव आदि रहे।

## एक नजर

### सपा कार्यकताओं के साथ ज्यादती कर भाजपा कर रही है लोकतंत्र की हत्या- दिनेश यादव

**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी खुलेआम लोकतंत्र की हत्या कर रही है। सपा कार्यकताओं पर जुल्म ज्यादती की जा रही है। भाजपा के दबाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों, बूथ एजेन्टों कार्यकताओं को जबरन उठाकर थाने में बैठा रही है। पार्टी के युवा नेता डॉ. समीर सिंह और लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यादव को कोतवाली और जमलापुर वार्ड के प्रत्याशी छन्नू यादव को लोटन



इमली चौकी में बैठा दिया गया। यह आरोप लगाते हुए तथा इनकी रिहाई की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार दिनेश यादव, जिला सचिव आमिर अली और जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव कोतवाली परिसर में धरने पर बैठ गए। पार्टी के प्रत्याशी दिनेश यादव ने कहा कि भाजपा खुलेआम लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हार नजदीक देख वह सपा कार्यकताओं पर जुल्म कर रही है। पुलिस प्रशासन भाजपा के दबाव में है। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी। कहा कि नगर में शान्ति पूर्ण मतदान चल रहा था लेकिन मतदाताओं का रूझान समाजवादी पार्टी के पक्ष में देखकर भाजपाई बौखला गए हैं। विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल और पूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल बिना परमिशन के पांच गाड़ियों के काफिले के साथ हर बूथ पर घूमकर फर्जी मतदान करा रहे हैं।

### निकाय चुनाव के दौरान विशेष सतर्कता रखने की आवश्यकता: डीएम

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने गंगा बहुउद्देश्यीय सभागार में नगर निकाय चुनाव को लेकर दूसरे प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया। कहा कि चुनाव में किसी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए। हर चुनाव की अपनी विशेषता होती है। यह चुनाव बैलट पेपर के माध्यम से होना है अतः विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सभी लोग प्रशिक्षण की बारीकियों को सीख ले ताकि चुनाव के समय किसी प्रकार



की परेशानी ना हो। आयोग के निदेशों का पालन करते रहे। बूथ पर जाने से पूर्व अपने समान का मिलान अवश्य कर ले। जिससे चुनाव के दिन किसी प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति ना रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, बीएसए मनीराम सिंह, जिला कृषि अधिकारी के अतिरिक्त चुनाव में लगे सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री की शिकायत पर बलिया में मेडिकल दुकान में छापेमारी


**बलिया।** नारकोटिक्स की दवाओं को गलत तरीके से खरीद बिक्री की शिकायत पर औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल ने सम्बंधित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की और अलग-अलग दवाओं के नमूने लिये। औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल ने बताया कि विशुनीपुर में स्थित एक मेडिकल स्टोर की दुकान से नारकोटिक्स की दवाओं की खरीद-बिक्री की शिकायत मिली थी। जिसपर कार्यवाही करते हुए मेडिकल स्टोर



पर छापेमारी की गयी। दुकान में रखे दवाओं की गहनता से निरीक्षण किया गया। इसके बाद चार अलग-अलग दवाओं के नमूने लिए गये। बताया कि इसके अलावा विशुनीपुर में स्थित तीन अन्य मेडिकल की दुकानों से दस नमूने लिये। सभी 14 नमूनों को जांच के लिए भेजा जा रहा है। निरीक्षण के समय वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

### सीएम की चुनावी सभा सम्पन्न, अब होगा सांसद दिनेश लाल निरहुआ का रोड शो

**बलिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा सम्पन्न होने के बाद अब बलिया नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार संत कुमार मिठाई लाल के लिए बलिया नगर में आजमगढ़ के सांसद फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव रोड शो कर सकते है। हांलाकि अभी सांसद दिनेश लाल यादव के कार्यक्रम का तिथि तय नहीं है लेकिन चर्चा का विषय बना हुआ है कि वे बलिया आयेंगे। शोसल मीडिया पर सांसद



दिनेश लाल यादव का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे संत कुमार मिठाई लाल के लिए मतदाताओं से भारी मतों से जीताने की अपील कर रहे है और हाथ जोड़ कर निवेदन भी कर रहे है। सांसद दिनेश लाल यादव कब आयेंगे और बलिया में संत कुमार के लिए मतदाताओं से क्या अपील करेंगे यह तो वक्त की बात है, लेकिन यह पहला मौका होगा कि निकाय चुनाव में सांसद दिनेश लाल बागियों की धरती पर पधारेंगे।

### तीन बच्चों की मां ने की आत्महत्या, मचा कोहराम

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के नसीराबाद खुर्द ग्राम पंचायत निवासिनी प्रियंका राजभर 32 वर्ष पत्नी सत्या राजभर ने बुधवार की रात्रि हुक के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। प्रियंका का पति सत्या राजभर जब अपने पत्नी के कमरे की तरफ गया तो अंदर से दरवाजा बंद था। पत्नी के साथ ही कमरे में उसके तीनों बच्चे सूर्यांश 6 वर्ष, शुभम 4 वर्ष एवं शिवानंद 2 वर्ष भी सो रहे थे। अंदर से दरवाजा बंद देख सत्या राजभर ने



डंडा से खोद करके अपने बड़े बच्चे सूर्यांश को जगाया। जागने के बाद सूर्यांश ने जब दरवाजा खोला तो अंदर प्रियंका फंदे से लटक रही थी। सत्या ने तुरंत पत्नी को फंदे से उतारकर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जोगापुर ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। सत्या राजभर ने कोपागंज थाना अंतर्गत शहरोज ग्राम पंचायत के मोहम्मदपुर निवासी अपने ससुर दीनानाथ राजभर को दूरभाष से यह खबर दी। देररात जब दीनानाथ राजभर को पुत्री के हालात की खबर मिली तो रात्रि में ही रोते रोते बिटिया के ससुराल पहुंचे और देखें कि उनकी बच्ची मृत पड़ी हुई है। तब पुलिस को भी सूचना दी गई, और मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। मां की मौत से बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है। नसीराबाद खुर्द ग्रामपंचायत निवासिनी प्रियंका की मौत के बाद उसके तीनों अबोध बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है।